हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 15 .9 डिग्री
न्यूनतम 13 .8 डिग्री

11 बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और नव चेतना का पर्व



12 नेताजी देश की आजादी के महानायक थेः पुनीत राई



## खबर संक्षेप

### टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग लगी, बाल-बाल बचे श्रमिक

**गोहाना।** शहर में एक निवार फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। महमूदपुर रोड स्थित श्याम टेक्सटाइल में आग लग गई। गोहाना से फायरब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए खरखौदा और सोनीपत से भी दो गाड़ियां मंगवाई गई। दमकल कर्मियों द्वारा लगभग 10.30 घंटे में आग पर काब पाया।अनिल बंसल द्वारा श्री श्याम टेक्सटाइल के नाम से निवार की फैक्ट्री लगाई हुई है। यहां पर नौ गोदाम तैयार कराए गए हैं। सुबह पांच से छह बजे के बीच आग लग गई। उस समय काफी श्रमिक सो रहे थे। आग लगते ही श्रमिक बिस्तर छोड़ कर बाहर निकल गए। आग तेजी से फैल गई। इससे फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार निवार और मशीनें लग गईं। आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट बताया। फैक्ट्री में नौ में से छह गोदामों में नुकसान हुआ, जहां पर पूरा सामान जल गया। आग दोपहर सवा चार बजे बुझ पाई।

### वाहन की टक्कर में युवक की मौत

**गन्नौर ।** गुमड़ रोड पर शिव गार्डन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अक्षय पहल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता संदीप 22 जनवरी की शाम करीब छह बजे गन्नौर जाने के लिए घर से निकले थे। देर रात करीब 11 बजे शिव गार्डन के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

### आरडीएस फीडर से बिजली के तार चोरी




**गन्नौर।** अगवानपुर रोड पुरखास स्थित आरडीएस फीडर की बिजली तार अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई, जिससे बिजली निगम को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बिजली विभाग के संजय (एएफएम) ने थाना गन्नौर में शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि 19 जनवरी को अज्ञात लोगों ने आरडीएस फीडर की तार चोरी कर ली, जिससे निगम को लगभग 65 से 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। चोरी की घटना के कारण संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच अधिकारी ने बताया आरोपी को जल्द पकड़ा जाएगा।

## तीन युवकों ने हमला किया, पीजीआई रेफर

# बारोटा में ठेके के कारिंदे पर हमला कर बदमाशों ने नकदी लूटी

■ युवकों ने साहब सिंह के सिर पर तेजधार हथियार से हमला किया, फोन भी छीनकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बारोटा स्थित शराब ठेके पर बृहस्पतिवार देर रात तीन बदमाशों ने सेल्समैन पर हमला कर 30 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग गए।

### कलेक्शन एजेंट को बेसुध मिला

ठेका पर सुबह नकदी लेने पहुंचे कलेक्शन एजेंट ने सेल्समैन को बेसुध देखकर अस्पताल में पहुंचाया। घायल को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है।

दिल्ली के गांव टिकरी निवासी मनोज कुमार ने कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह शराब ठेकों से नकदी एकत्र (कलेक्शन एजेंट) करने का कार्य करते हैं। वह बारोटा गांव स्थित शराब ठेके पर रुपये लेने पहुंचे तो ठेका बंद मिला।

### ऐसे किया हमला

अंदर मौजूद सेल्समैन उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी के उधमपुर निवासी साहब सिंह को कई आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। संदेह होने पर वह पड़ोस के घर की दीवार फांदकर ठेके के भीतर पहुंचा, जहां का दृश्य भयावह था।

सेल्समैन साहब सिंह के सिर में गंभीर चोटें थीं और कमरे में खून बिखरा हुआ था। उन्होंने उनके चेहरे पर पानी डाला तो उन्हें होश आ गया। जिस पर साहब सिंह ने बताया कि वह लघुशंका को गए तो पीछे से तीन युवकों ने हमला कर दिया था। उसके बाद वह सिर में चोट मारकर उनसे 30 हजार रुपये व मोबाइल लूट ले गए मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने घायल को संभालते हुए सोनीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे अधिकारी

पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को घटनास्थल पर बुलाकर जांच की है। शिकायतकर्ता ने ठेके पर लगे सीसीटीवी की फुटेज उपलब्ध कराने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी

## दिनभर चली बूंदाबांदी से शहर में कई जगह जलभराव के कारण जाम लगा

# सुबह सात बजे तेज बारिश के साथ ही बिजली गुल, पेयजल सप्लाई बाधित

■ जिले में कई जगह ओले भी गिरे, दिनभर आठ किमी. की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ बिजली और पानी के लिए हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते रहे शहरवासी, नहीं मिला संतोषजनक जवाब

नए साल में शुक्रवार को दिनभर रुक-रुककर हुई पहली बारिश से कई कॉलोनियों में बिजली व पेयजल आपूर्ति बाधित रही। ऐसे में लोगों को पूरा दिन परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली व पेयजल समस्या को लेकर लोग लगातार हेल्प लाइन नंबरों पर शिकायत करते रहे, लेकिन उन्हें सही जवाब नहीं मिल पाया। वहीं घरों में बिजली से चलने वाले उपकरण शोपीस बनने रोजमर्रा के कार्य भी बाधित रहे। शहर में करीब सुबह 7 बजे तेज बारिश के कारण अधिकतर कॉलोनियों की बिजली सप्लाई बाधित हुई। इसके बाद पेयजल आपूर्ति भी नहीं की गई। पूरा दिन थमकर हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कबीरपुर में बिजली निगम का सर्कल कार्यालय होने के बावजूद फीडर में कट लगने से खासकर साथ लगते शहर पॉल इलाकों मॉडल टाउन, ओल्ड डीसी रोड, तारा नगर, जीवन नगर, इंद्र पुरी, सुजान सिंह पार्क क्षेत्र में पूरा दिन नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पाई। इसके अलावा 33 केवी सूरज स्टील बिजली घर से जुड़े गुड़ मंडी, मिशन रोड, आर्य नगर, मिशन कॉलोनी, मिर्च मंडी, काठमंडी, वेस्ट रामनगर व ओल्ड रोहतक रोड के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति दिनभर प्रभावित रही। इसके अलावा बिजली गुल होने के कारण पूरा दिन पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी।



सोनीपत। कच्चे क्वार्टर मार्केट रोड पर शाम जलभराव के बाद लगा जाम।

### लोगों की दिनचर्या प्रभावित, अधिकारियों को कोसते रहे

बारिश के चलते ओल्ड डीसी रोड, तारा नगर, जीवन नगर, इंद्र पुरी, सुजान सिंह पार्क क्षेत्र में पूरा दिन में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय निवासी सुनीता, कमलेश, प्रमिला, तन्नु, साक्षी, सुशीला ने बताया कि क्षेत्र में वीरवार रात से ही पेयजल आपूर्ति बाधित रही। सुबह अचानक तेज बारिश होने के बाद शुक्रवार को दिनभर पेयजल आपूर्ति नहीं की गई। इससे क्षेत्र की करीब आधा दर्जनभर कॉलोनियों के लोगों पूरा दिन पानी के लिए तरसना पड़ा। इससे उनके रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हुए। इसके अलावा दिनभर बिजली के लंबे-लंबे कट लोगों को परेशान करते रहे। तेज बारिश के चलते शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनने से जाम लगा रहा। ऐसे में वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी। थम-थम कर हुई तेज बारिश से कच्चे क्वार्टर रोड, मॉडल टाउन, ओल्ड डीसी रोड पर निकासी की अव्यवस्था के चलते जलभराव की स्थिति बनी रही।

### न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को सोनीपत के सरगथल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह तापमान बीते दिन की तुलना में काफी अधिक है क्योंकि गुरुवार को न्यूनतम तापमान मात्र 3.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। हालांकि शुक्रवार को दिन भर बादल छाए रहने और बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई और यह 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की वजह अलसुबह के समय बना वायु का दबाव रहा, जोकि बारिश से पहले बनता है। वहीं दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट का सबसे बड़ा कारण पूरा दिन धूप ना निकलना रहा।

### बारिश और हवाओं का दिखा असर

शुक्रवार को दिन भर आसमान में बादलों का डेरा रहा और करीब 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं। शाम 5 बजे के आसपास मौसम ने फिर करवट ली और गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों में छोटे और मध्यम आकार के ओले गिरे जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### राई व सोनीपत में सबसे अधिक बारिश

जिले की विभिन्न तहसीलों में बारिश की स्थिति अलग-अलग रही। राजस्व विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राई और सोनीपत तहसील में सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई है। शुक्रवार को पूरा दिन में राई में 12, सोनीपत, खानपुर और गन्नौर में 10, गोहाना और खरखौदा में 7 एमएम बारिश दर्ज की गई है। समय अनुसार बांटें तो सुबह 8 बजे तक राई में 10, सोनीपत में 4, गोहाना में 3, खरखौदा में 3, गन्नौर में 2, खानपुर में 2 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक गन्नौर में 8, खानपुर में 8, सोनीपत में 6, गोहाना में 4, खरखौदा में 4, राई में 2 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

## क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स रिडीम करवाने का झांसा देकर करते थे ठगी, पांच गिरफ्तार



■ ठगी गिरोह का खुलासा, 16 मोबाइल, 6 सिम कार्ड बरामद

**सोनीपत।** साइबर थाना पुलिस ने ठगी के नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स रिडीम कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले पांच आरोपितों धर्मेंद्र, अभय, आर्यन, दिव्यांशु और वेद प्रकाश उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित वैशाली में फर्जी कॉल सेंटर चलाकर लोगों से ठगी करते थे। पुलिस ने पांच आरोपियों को उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पानीपत से दबोचा गया है। एसीपी राजदीप मोर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नरेंद्र नगर निवासी राहुल सैनी ने 5 दिसंबर, 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके पास मोनिका नाम की युवती की कॉल आई थी। कॉलर ने फोन कर क्रेडिट कार्ड के प्वाइंट्स रिडीम करवाने का झांसा दिया था। व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर ठगों ने उनसे मोबाइल को एक्सेस कर लिया था और कुछ ही मिनटों में 1,83,549 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए गए थे। हालांकि बाद में राहुल ने दोबारा बयान दर्ज कराए थे और 1.27 लाख की ठगी की बात कही थी। थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक बसंत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और विश्लेषण के आधार पर जाल बिछाया और एक-एक कर पूरे नेटवर्क को दबोच लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित वैशाली क्षेत्र में एक फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। आरोपी धर्मेंद्र गिरोह को लीड कर रहा था। पुलिस ने पांचों आरोपियों से 14,200 रुपये, 16 मोबाइल, 6 सिम कार्ड, एक लैपटॉप और दो रिकॉर्ड बुक बरामद की गई हैं। आरोपी डेढ़ करोड़ की ठगी कर चुके है।

## प्रशासन ने धरोहर के रूप में रखने के लिए सौंपा

# पिपली के माता सती मंदिर की खुदाई में मिले सिक्के व आभूषण अगले आदेश तक सरपंच के पास रहेंगे

**खरखौदा।** पिपली गांव में माता सती के स्थान पर खुदाई के दौरान मिले प्राचीन सिक्के प्रशासन द्वारा आगामी कार्रवाई तक धरोहर के रूप में सरपंच के पति सुनील को सौंप दिए गए हैं। गांव निवासी नरेश पाराशर ने बताया कि गांव वासियों द्वारा दादी सती के स्थान को सौंदर्यीकरण करने के लिए खुदाई की जा रही थी । खुदाई के दौरान कुछ पुराने समय के चांदी के सिक्के व आभूषण पाए गए। उन्होंने बताया कि पहले दिन जो खुदाई की गई थी उस वक्त तीन व्यक्ति वहां पर मौजूद थे उन्हें 270 सिक्के कुछ अन्य आभूषण मिले थे। जिन्हें गांव के व्यक्ति महेंद्र को रखने के लिए दे दिए। बाद में जब उनसे वह सिक्के प्रशासन को सौंपने के लिए मांगे गए तो उन्होंने कहा कि जहा से सिक्के निकाले गए थे उसी जगह वहां पर वापस दबा दिए हैं। परंतु गांव वासियों को उनकी बात पर यकीन नहीं है। उन्होंने बताया कि उस स्थान की दोबारा और ज्यादा खुदाई करवाई गई है। जिसमें उपरांत वहां पर 426 सिक्के व कुछ कानों के आभूषण, हाथों के, पैरों के आभूषण पाए गए हैं। जिन सभी का वजन करने पर पाया गया कि यह 6 किलो 278 ग्राम वजन बना है।

### प्रशासन तक पहुंचा मामला



प्रशासन की आगामी कार्रवाई तक गांव के सरपंच पति सुनील को धरोहर के रूप में रखने को कहा। जिस पर गांव वासियों ने सहमति जताकर वह सभी सिक्के उन्हें सौंप दिए। नायब तहसीलदार अचिन ने ग्राम वासियों को आश्वासन दिया की उनकी यह लिखित शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी। पीपली गांव के सरपंच पति सुनील का कहना है कि प्रशासन की सहमति से उनके पास धरोहर के रूप में रखा गया हैं। प्रशासन का जैसा आगामी आदेश होगा, उस पर अमल किया जाएगा।

## 40 राइडर, 15 पीसीआर रहेगी तैनात, खुफिया विभाग भी एक्टिव

## समारोह स्थल के आसपास अनधिकृत व्यक्तियों व वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

# गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा का अभेद्य घेरा, रूट डायवर्ट रहेगा, 31 स्थानों पर नाकाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर तक मजबूत कर दिया है। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। शहर के प्रमुख मार्गों, समारोह स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार कर उसे धरातल पर लागू कर दिया है।

गणतंत्र दिवस समारोह स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समारोह स्थल के आसपास अनधिकृत व्यक्तियों और वाहनों के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। आयोजन स्थल के सामने से गुजरने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### पुलिस कंट्रोल रूम से जिले की निगरानी

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कुल 40 राइडर, 15 पीसीआर वाहन, 31 डायल-112 वाहन और 5 पायलट गाड़ियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल को सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगाया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम से पूरे जिले की निगरानी की जा रही है और वायरलेस संचार के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी संभावित खतरे की जानकारी समय रहते प्राप्त की जा सके।



### पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई

समारोह स्थल पर निजी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक रहेगी। केवल फ्लैग लगी सरकारी गाड़ियां और अधिकृत वाहनों को ही समारोह स्थल में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। समारोह में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग मिनी सचिवालय के सामने स्थित खाली मैदान तथा जिला कारागार के बाहर स्थित मैदान में की गई है। पुलिस कर्मी पार्किंग स्थलों पर तैनात रहेंगे, ताकि यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे। इसके साथ वरिष्ठ अधिकारी भी व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

### ऐसे होगा रूट डायवर्जन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन की विशेष योजना लागू की गई है। सोनीपत से गोहाना की ओर जाने वाले वाहन चालक महलाना चौक से महलाना रोड, सेक्टर-23 और गांव गढ़ी ब्राह्मणान होते हुए पुनः गोहाना रोड पर पहुंचेंगे। इसी प्रकार गोहाना से सोनीपत आने वाले वाहन चालक गोहाना रोड बाईपास से मुड़कर जाहरी रेलवे फ्लाईओवर और जटवाड़ा होते हुए सोनीपत और आगे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन से संबंधित संकेतक और दिशा सूचक बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिले में सुरक्षा के मद्देनजर 31 स्थानों पर नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर प्रत्येक वाहन की गहन जांच के बाद ही उसे आगे जाने दिया जा रहा है।

### ड्रोन को लेकर भी पुलिस अलर्ट

उपायुक्त, क्राइम/ट्रैफिक नरेंद्र कादियान ने कहा कि ड्रोन से संभावित खतरों को लेकर भी पुलिस पूरी तरह सतर्क है। ड्रोन गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। किसी भी संदिग्ध ड्रोन के उड़ते पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखेंगी। उन्होंने आमजन से भी सहयोग करने की अपील की है।

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त
कैंसर की पूरी जांच और इलाज, अब आपके पास
ESIC लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर!
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल अब ESIC के पैनल में शामिल
कुंडली, सोनीपत में आधुनिक और सम्पूर्ण कैंसर सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
अस्पताल निम्न पैनलों में भी शामिल है:
CGHS, CRPF, CISF, SSB, ITBP, BSF, NSG, दिल्ली पुलिस, तथा प्रमुख बीमा कंपनियाँ और टीपीए

संपर्क करें 9138111625
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत
www.andromedahospital.in
Scan the code to open the Google Map



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफStyle

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।



## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।



### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप

### मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने किताबों की पूजा की और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। नौनिहालों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पारंपरिक परिधानों के साथ छात्र-छात्राओं ने बसंत ऋतु का स्वागत किया। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने स्टाफ सदस्यों के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पीले फूलों को अर्पित कर किया।

### जीवीएम कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व मनाया

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं पूजा-पाठ के साथ किया गया, जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी और प्रचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने सफल योजना की बधाई देते मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि दिने की कामना की।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**सोनीपत।** पंजाबी गौरव संघ (रजिस्टर्ड) सोनीपत तथा आशा धाम सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सुभाष चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार सायं 6 बजे आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया। प्रधान सतीश विरमानी, अशोक कपूर, अशोक सहगल, पवन बत्रा, सतीश डेंबला, सतीश तनेजा मौजूद रहे।

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**सोनीपत।** श्री रामकृष्ण साधना केंद्र मुरथल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग एवं हरियाणा प्रांत वृक्षारोपण प्रमुख गंगा समग्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज को पौधा भेंट किया तथा आश्रम परिसर में एक पौधा मां के नाम लगाया। इस अवसर पर हरियाणा प्रांत के सहसंयोजक गंगा समग्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संजय मलिक भी उपस्थित रहे।

### दीनबन्धु छोटूराम को जयंती पर किया याद

**गोहाना।** चौ. छोटूराम सेवा समिति, सर छोटूराम विचार समिति और गोहाना जाट महासभा द्वारा शुक्रवार को बसंत पंचमी पर दीनबन्धु छोटूराम को याद किया गया। समिति द्वारा शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित छोटूराम चौक में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों समितियों और महासभा के सदस्यों ने दीनबन्धु छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रद्धांजलि दी और उनके पद्चिहनों पर चलने का संकल्प लिया।

## भगत फूल सिंह महिला विवि में बसंत पंचमी पर्व पर श्रद्धा और आस्था के साथ हवन किया

# बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और नव चेतना का पर्व

### हमें शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है त्योहार: प्रो. सुदेश

**वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती से उज्ज्वल भविष्य की कामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि परिसर स्थित छात्रावास में बसंत पंचमी पर्व पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ हवन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में कुलपति प्रो. सुदेश ने मुख्य यजमान के रूप में आहुति डाली। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि, सद्बुद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और नवचेतना का पर्व है। यह दिन हमें शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढने की प्रेरणा देता है। छात्राओं को चाहिए कि वे शिक्षा को केवल करियर तक सीमित न रखें, बल्कि इसे समाज और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सुख-समृद्धि एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए प्रार्थना की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की आयोजक चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने कहा कि यह आयोजन विवि में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


गोहाना। हवन में आहुति डालते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती को नमन करते हुए।


सोनीपत। छोटूराम आर्य कालेज में चौधरी छोटूराम को नमन करते कॉलेज स्टाफ।


सोनीपत। कवि गोष्ठी के दौरान उपस्थित परिषद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बसंत पंचमी और नेताजी की जयंती पर काव्य गोष्ठी

**सोनीपत।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा मामचन्द पब्लिक स्कूल के सभागार में बसन्त पंचमी एंव सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती के अवसर पर कविगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूर्णमल गौड उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में सीमा पाराशर ने सरस्वती वन्दना से किया। मंच संचालन गीता सैनी ने किया साहित्य परिषद के अध्यक्ष नरेश आकाश ने बसन्त पंचमी पर कविता के रूप में अपने उदगार कुछ इस प्रकार प्रकट किए, मां सरस्वती ने कृपा बरसाई, प्रकृति की कली कली हरसाईविद्या की देवी ने ज्ञान की जौत जलाई, उल्लास, उमंग नवजीवन संग बसन्त मुस्काई। साहित्य परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा ने भक्तिगीत गाकर साधु-संतो और प्रकृति का गुणगान गाते हुए उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सम्मिलित सरस्वती, सरिता, आकाश आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में हर्षोल्लास से मनाया पर्व

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत प्रदीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते विद्यालय में विशेष आयोजन किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मां सरस्वती की कृपा सभी पर बनी रहे तथा विद्या और बुद्धि की देवी सभी विद्यार्थियों को ज्ञान, विवेक और सफलता का आशीर्वाद प्रदान करें। इस अवसर पर उनके साथ रीमा शर्मा, चंचल शर्मा, मीनू शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अभिभावकों द्वारा विशेष रूप से प्रशंसा की गई।

### बसंत पंचमी के साथ मनाई चौधरी छोटू राम जयंती

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत में रहबर-ए-आजम व किसानों के मसीहा चौधरी छोटू राम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र फोर व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा छोटू राम को माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्राचार्य ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए विद्यार्थियों व एनएसएस वालंटियर को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बसंत पंचमी मनाते मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करते उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।


ब्राइट स्कॉलर में बसंत पंचमी के मौके पर आयोजित हवन में हिस्सा लेते हुए प्राचार्या एवं स्कूल स्टाफ।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में बसंत पंचमी पर किया हवन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पवन अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए व पूजा अर्चना की। विद्यालय स्टाफ इस दौरान उपस्थित रहा। बसंत पंचमी हिन्दू त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। यह पूजा विशेष रूप से भारत, बांग्लादेश, नेपाल और कई राष्ट्रों में बड़े उल्लास से मनाई जाती है। इस दिन सभी पीले वस्त्र धारण करते हैं। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है।

### साउथ पॉइंट स्कूल में पीले परिधानों में खिले चेहरे



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर पीले रंग की रौनक से सराबोर नजर आया। विद्यार्थी पीले रंग की आकर्षक ड्रेस पहनकर स्कूल पहुंचे और पूरे दिन उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, वहीं संस्थान प्रबंधन ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस पर्व से जुड़ी परंपराओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंच पर विद्यार्थियों ने गीत-संगीत, नृत्य और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से बसंत के आगमन का स्वागत किया। विद्यालय परिसर में हर तरफ पीला रंग बसंत की पहचान बनकर नजर आया।

### मैराथन में हिमांशु ने मारी बाजी

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में बसंत पंचमी के अवसर पर दीनबंधु छोटू राम, स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर स्वदेशी क्वार्टर मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। बारिश के बीच छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो. सिंह ने कहा कि यह आयोजन स्वस्थ भारत, स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। मैराथन में लड़कों की श्रेणी में हिमांशु प्रथम, रघुनाथ द्वितीय और यश कुंडू तृतीय रहे, जबकि लड़कियों में गरीमा प्रथम, वंशिका द्वितीय व रिषी तृतीय स्थान पर रहीं। इसी अवसर पर युवा और राष्ट्र निर्माण विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के प्रो. पवन सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अखंड भारत का प्रथम प्रधानमंत्री बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।


स्टाफ संग मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करती प्रधानाचार्या हिमानी दहिया।

### परनिंदा और द्वेष से दूर रहने का आह्वान

सोनीपत। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शिव शक्ति सिद्धपीठ, श्री नगर कॉलोनी सोनीपत में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधायक निखिल मदान और भाजपा नेता राजीव जैन ने भी आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। सत्संग के दौरान स्वामी हरि ओम आनंद ने मानव जीवन को सफल और मधुर बनाने का संदेश देते हुए परनिंदा और द्वेष से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने महाभारत के उदाहरण के माध्यम से अर्जुन और दुर्योधन की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में सहनशीलता, करुणा और विवेक को अपनाना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि प्रतिष्ठा धन या साधनों से नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में मुस्कान और उजाला लाने से मापी जाती है। उन्होंने कर्म के साथ धर्म को जोड़ने पर बल दिया और बताया कि आशा नहीं, बल्कि आस्था से की गई भक्ति ही सच्ची भक्ति है। श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और समर्पण को भक्ति की चार सीढ़ियां बताते हुए उन्होंने इन्हें जीवन में उतारने का संदेश दिया।


खरखौदा। हवन में आहुति देते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। मैराथन में हिस्सा लेती प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में मनाया पर्व

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ज्ञान, विद्या, कला और संस्कृति की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की गई। स्कूल के स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने पीले रंग की पोशाक पहनकर बसंत के आगमन का स्वागत किया। सभी ने पूरी श्रद्धाभाव से ज्ञान और रचनात्मकता की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने भी विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना पीले फूलों को अर्पित कर किया। इस मौके पर मीनाक्षी, ममता, सीमा, निशा, नीलम, सोनू, संगीता निष्ठा, राजेश, विनम, निशु, मेघा, दीपिका आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें पूर्व मेयर का स्वागत करते हुए।

### कल्पना चावला स्कूल में किया हवन

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में बसंत पंचमी के अवसर पर हवन किया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रकट होने के दिवस को समर्पित इस उत्सव में विद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठान और सरस्वती वंदना कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकवृंद और विद्यार्थियों द्वारा हवन में आहुति अर्पित कर सुख-समृद्धि और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य उषा वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि यह पर्व हमें अज्ञानता के अंधकार से मिटाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। हवन का यह आयोजन बच्चों में हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव और एकाग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। प्राथमिक प्रभारी रितु ने कहा कि विद्या की देवी का साथ हो तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। हवन के पश्चात विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।


गोहाना। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते गुरु-शिष्य। फोटो : हरिभूमि

### सिद्धांतों से सीख लेने के लिए किया प्रेरित

**खरखौदा।** गांव हलालपुर स्थित लखी राम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूर्ण विधि-विधान के साथ आहुति डाली और विद्या की देवी माँ सरस्वती से ज्ञान व सुख-समृद्धि का आशीर्वाद माँगा। स्कूल के प्रिंसिपल संजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रहबरे-आजम' दीनबंधु चौधरी छोटू राम जी को नमन करते हुए उनके जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को उनके सिद्धांतों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते उन्हें भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने और कड़ी मेहनत करने की सीख दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके आने वाले लक्ष्यों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों के साथ क्लब के पदाधिकारी।

### बसंत पंचमी पर पीली ड्रेस पहन पहुंचे छात्र

**गोहाना।** शहर के गुढ़ा मार्ग स्थित जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह में शिक्षक और विद्यार्थी पीले परिधान पहनकर पहुंचे और मां सरस्वती की वंदना की। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। संयुक्त अध्यक्षता विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बसंत पंचमी के गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी विद्यालय परिसर गूंज उठा। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती के पूजन से हमें विद्या, मधुर-वाणी एवं बुद्धि का वरदान प्राप्त होता है। इसलिए हमें प्रतिदिन अपनी दिनचर्या मां सरस्वती वंदना के साथ शुरू करनी चाहिए।

### मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में शुक्रवार को ज्ञान, विद्या एवं संस्कृति के प्रतीक बसंत पंचमी पर्व को हवन करके श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय की शिशुवाटिका में कार्यक्रम में गुरु-शिष्यों और अभिभावकों ने हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान तथा देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत एवं प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए गए। छात्र हार्दिक, हर्ष व परिणीता ने बसंत पंचमी का महत्व बताया और इशिका ने मनमोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया। आर्यन ने मंच संचालन किया। विद्यालय में इस दौरान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती भी मनाई गई। छात्र जयंत ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला।


खरखौदा। हवन यज्ञ में आहुति देते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**सोनीपत।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट की ओर से जे डी मेमोरियल स्कूल, कबीरपुर सोनीपत में वार्षिक सरस्वती पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पुनीत जग्गा, सचिव अंकुश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, डॉ. सुनील कश्यप, भावना कश्यप एवं विद्यालय की स्वामिनी पूनम रॉय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को वसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराते हुए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। क्लब अध्यक्ष पुनीत जग्गा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने रोटरी क्लब का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### सुभाष चौक पर नेताजी की जयंती धूमधाम से मनाई

**सोनीपत।** सर्वधर्म मित्र संगठन सोनीपत की ओर से सुभाष चौक पर भारत के महान वीर सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पूर्व मेयर राजीव जैन और वरिष्ठ नेता तरुण देवदास रहे। सभी अतिथियों व पदाधिकारियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि नेताजी ने आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित नौकरी छोड़कर देश की आजादी के लिए अमूल्य योगदान दिया। तरुण देवदास ने नेताजी के विचारों पर चलने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं। संगठन अध्यक्ष राजेंद्र बंसल ने बताया कि हर वर्ष जयंती मनाकर युवाओं को प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## जाट जोशी में नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जाट जोशी के माध्यमिक विद्यालय परिसर में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन के अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामूहिक श्रद्धांजलि के साथ की गई। कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व मेयर राजीव जैन ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने जनसेवकों और खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, त्याग और साहस की मिसाल है। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कार्य करने वाले जनसेवक और खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी वास्तव में देश की पूंजी हैं। पूर्व पार्षद सुरेंद्र मदान और पुनीत राई ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अविस्मरणीय है और आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष और विचारों से सीख लेनी चाहिए। विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रवादी संगठनों के प्रतिनिधि भी अपनी-अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान नेताजी को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आरोप : अनावश्यक आपत्तियों के चलते मुरथल विवि में दैनिक कामकाज प्रभावित

- मुरथल के कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि (डीसीआरयूएसटी) मुरथल के कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश पुट्ठी ने आरोप लगाया कि विवि के विभागों व शाखाओं में दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि जब से विवि में नए वित्त नियंत्रक अधिकारी की नियुक्ति हुई है, तब से अनावश्यक रूप से आपत्तियां लगाकर चिकित्सा संबंधी व अन्य बिलों की अदायगी को जान-बूझकर रोका जा रहा है। विवि के विभागों एवं शाखाओं की ओर से कार्यालय सामग्री खरीदने के लिए कार्यकारिणी परिषद में पहले से ही पास नियमों के आधार पर आदेश जारी होने के बावजूद भी बिलों की अदायगी को अनावश्यक रूप से रोका जा रहा है। प्रधान सुरेश पुट्ठी ने बताया कि इस संबंध में संघ की कार्यकारिणी की बैठक 20 जनवरी को की , जिसमें सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने लेखा-शाखा की ओर से अनावश्यक तरीके से बिलों को रोकने पर आपत्ति जताई। इस बारे में संघ ने विवि प्रबंधन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने बताया कि यदि वित्त नियंत्रक की ओर से अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाया गया तो संघ संघर्ष के लिए बाधित होगा। इसके अलावा संघ की ओर से अन्य मुख्य मांगों को पूरा करवाने के संदर्भ में भी विवि प्रबंधन से पत्र के माध्यम से पूरा करने की गुहार लगाई गई। इनमें मुख्य रूप से 2 साल से ज्यादा समय से लंबित गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के सेवा नियमों को सरकार से अनुमोदन करवाना, सरकार से दूसरे दौर के नए पद सर्जित करवाना, जिन कर्मचारियों की लंबे समय से एसीपी लंबित है, उसे एक माह के अंदर निर्धारित करवाना करवाना शामिल है। इनके अलावा विवि में स्थापित डे-केयर सैंटर को पुनः संचालित करवाना, प्रशासनिक भवन में लंबे समय से अधूरी पड़ी पार्किंग व्यवस्था को पूरा करवाना, एसईटीसी के संबंध में सरकार की ओर से जारी पत्र क्रमांक 17/15/2022 व 30.04.2025 को लागू करवाना शामिल है।

## खबर संक्षेप

### रासायनिक खेती से भूमि की उर्वरता पर हो रहा असर

**खरखौदा।** प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत पांच फरवरी को खरखौदा पहुंचेंगे। वे भरत सिंह वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के प्रति जागरूक करेंगे। यह जानकारी देते हुए विधायक पवन खरखौदा ने बताया कि रासायनिक खेती के कारण न केवल भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है।

### मिशन रिक्रूटमेंट के तहत रोजगार मेला आज

**राई।** मिशन रिक्रूटमेंट के अंतर्गत ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सोनीपत में 24 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री, विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों एवं केंद्रीय सशस्त्र बलों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह रोजगार मेला देशभर में लगभग 45 विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की विशेषता है, कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी, 24 जनवरी को 11 बजे देशभर के नवनियुक्त अभ्यर्थियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे।

### साहसी स्वतंत्रता सेनानी थे सुभाष चंद्र बोस

**गोहाना।** शुक्रवार को भाजपा गोहाना मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। समारोह में कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने की। भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के सबसे प्रख्यात और साहसी स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ।

### स्वयंसेवकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी अधिक

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में चल रहे सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुआ। भैंसवान खुर्द से नरेश आर्य ने स्वयं सेविकाओं को योग के नियम बताए और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा व प्रवीन देवी का रहा।

---

दिल्ली मुख्यालय से प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में किया रेल ट्रैक का निरीक्षण

# सोनीपत-जींद रूट पर जल्द फर्राटा भरेगी हाइड्रोजन ट्रेन

दिल्ली से जींद होते हुए दोपहर बाद सोनीपत पहुंचे रेलवे के उच्च अधिकारी, स्पेशल यान से वापस दिल्ली हुए रवाना

*कामयाबी सफल साबित होती है तो भारत दुनिया के यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका, चीन जैसे हाइड्रोजन ट्रेनों से समृद्ध देशों में प्रभावशाली रहेगा।*

**फरवरी में दिखाई जा सकती है ट्रेन को हरी झंडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन सोनीपत-जींद रूट पर जल्द फर्राटा भर सकती है। ट्रेन के ट्रायल के लिए उच्च अधिकारियों की ओर से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। यह दुनिया की सबसे लंबी व प्रभावशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। माना जा रहा है कि फरवरी माह तक ट्रेन का ट्रायल करवाकर उसे हरी झंडी दिलवा सकते हैं। अगर यह कामयाबी सफल साबित होती है तो भारत दुनिया के यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका, चीन जैसे हाइड्रोजन ट्रेनों से समृद्ध देशों में प्रभावशाली रहेगा। माना गया है कि अब तक किसी देश में अधिक कोच के साथ हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन नहीं किया गया है। ऐसा भारत में पहली बार होगा जब 8 कोच वाली यह ट्रेन करीब 2500 यात्री को सवार कर सफर कर सकेगी। इसी को लेकर शुक्रवार को रेलवे के मुख्यालय से उच्च अधिकारियों ने दिल्ली से जींद वाया सोनीपत होते हुए वापस दिल्ली ट्रेन ट्रैक का जायजा लिया। अधिकारियों की टीम में प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर प्रेम कुमार गुप्ता, सीनियर डीएन कोर्डिनेशन रोहित श्रीवास्तव व सीनियर डीएन फॉर अभिषेक बावला स्पेशल यान में सवार होकर दोपहर को दिल्ली से जींद पहुंचे। इसके बाद यह अधिकारी करीब 4:15 बजे जींद से सोनीपत पहुंचे। यहां करीब आधा घंटा रेल ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों का दल दोपहर 4:47 बजे वापस दिल्ली की ओर रवाना हो गया।



सोनीपत। स्टेशन के पास सोनीपत-जींद ट्रैक का मुआयना कर चर्चा करते दिल्ली से आए रेलवे के उच्च अधिकारी।

### दिसंबर 2025 में जींद पहुंच गई थी हाइड्रोजन ट्रेन

हाइड्रोजन सेल आधारित 35 ट्रेनों के बेड़े को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) को हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में ढालकर यह पहली ट्रेन तैयार की है। इसके कोच इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी चेन्नई ने बनाए हैं। इसके बाद नवंबर 2025 के अंत में तैयार ट्रेन को दिल्ली के सकूरबस्ती लाकर खड़ा कर दिया गया। वहीं दिसंबर 2025 में इसे जींद में लगाए गए हाइड्रोजन प्लांट तक पहुंचाया गया। फिलहाल ट्रेन के साथ ट्रैक व हाइड्रोजन प्लांट की खामियों को खोजा जा रहा है, ताकि आने वाले कल को अचानक किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ेगी प्रदूषण मुक्त ट्रेन

देश की पहली 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है। हाइड्रोजन व ऑक्सीजन के मिलने से उत्पन्न होने वाली बिजली से इसका परिचालन किया जाएगा। इसमें धुआं की जगह केवल भाप का उत्सर्जन होगा। जींद में बनाए गए प्लांट में हाइड्रोजन गैस तैयार करने में आ रही खामी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इंजन के साथ आठ कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी इस ट्रेन के दरवाजे भी स्वचालित होंगे, जो यात्रियों को सवार होने के बाद अपने आप बंद हो जाएंगे। माना जा रहा है कि टेस्टिंग के बाद ट्रेन का ट्रायल लिया जा सकता है।

### 40 हजार लीटर पानी से रोज बनेगी 430 किलो गैस

जींद में 118 करोड़ से साढ़े 5 एकड़ में लगा हाइड्रोजन प्लांट सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन शुरू करने के लिए जींद जंक्शन के पास करीब साढ़े पांच एकड़ जमीन पर हाइड्रोजन प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट पर रेलवे ने करीब 118 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। ट्रेन को हाइड्रोजन इसी प्लांट से मुहैया करवाई जाएगी। यह प्लांट रोजाना 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का निर्माण करेगा। इसमें करीब 40,000 लीटर पानी की जरूरत पड़ेगी। प्लांट की गैस भंडारण क्षमता 3000 किलोग्राम है।

### सोनीपत-जींद रूट पर 7 प्रमुख स्टेशनों पर होगा ठहराव

सोनीपत-जींद रूट पर चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन का 7 प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया गया है। इनमें जींद, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना जंक्शन, मोहाना व सोनीपत शामिल हैं। आगामी निर्णय रेल मंत्रालय की ओर से लिए जाएंगे। फिलहाल सोनीपत-जींद रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन 1 घंटे में अपनी यात्रा पूर्ण करेगी। इसमें सवार होने वाले यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों के बराबर ही आर्थिक खर्च उठाना पड़ेगा। यात्री मात्र 25 रुपये में सोनीपत-जींद रूट पर यात्रा कर सकेंगे।

---

शिविर में 34 यूनिट रक्त एकत्र

# बसंत पंचमी पर बजाना खुर्द में रक्तदान शिविर

**विधायक बोले, रक्तदान सबसे बड़ा दान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बजाना खुर्द गांव स्थित जनरल चौपाल में शुक्रवार को बसंत पंचमी और किसान नेता चौ. छोटू राम की जयंती के उपलक्ष्य में कादयान मित्र मंडली की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर आयोजकों द्वारा उनका फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

ठंड के मौसम के बावजूद रक्तदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। ब्लड टीम की देखरेख में आयोजित इस शिविर में कुल करीब 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रखा गया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं की सराहना की और उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर कृष्ण सैनी, प्रवीन कादयान, दलबीर, अजय, दीपक, नवीन, सोनू कादयान, सुरेश, अंकुश सहित अनेक ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गन्नौर। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान का सम्मान करते आयोजक।

### स्टेशन पर गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन पर जीआरपी थाना के पास शुक्रवार सुबह सवारी गाड़ी की चपेट में आने से करीब 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई विकास कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब पौने 9 बजे कुरुक्षेत्र से दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 64452 सवारी गाड़ी सोनीपत स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची। जब सवारी गाड़ी प्लेटफार्म छोड़ने लगी तो एक युवक का ट्रेन में सवार होते समय पैर फिसल गया। इसके बाद ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में युवक का चेहरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पेट के निचला हिस्सा व दोनों पैर कटे मिले। जांच के दौरान शव के पास पहचान के लायक कुछ नहीं मिला। सवारियों से पूछताछ में भी युवक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया है।

---

**मार्केट न्यूज**

### अभिनेता सुरेश बेरी फिल्म बॉर्डर 2 के प्रमोशन व ट्रेडिंग गुरुकुल ऐप के लॉन्च के लिए सोनीपत पहुंचे



**सोनीपत।** भारतीय सिनेमा जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता सुरेश बेरी अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 के प्रमोशन और ट्रेडिंग गुरुकुल ऐप के लॉन्च के लिए सोनीपत पहुँचे। उन्होंने ऐप के कोर्स, कंटेंट और डिजिटल प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली को समझा। ऐप से प्रभावित होकर अभिनेता ने इसकी जमकर सराहना की और इसे भरोसेमंद व उपयोगी बताया। अभिनेता सुरेश बेरी ने ट्रेडिंग गुरुकुल के संस्थापक और वरिष्ठ ट्रेडिंग एक्सपर्ट रविंदर भारद्वाज से मुलाकात की और संस्थान के काम करने के तरीके को समझा। उन्होंने जाना कि किस तरह यह प्लेटफॉर्म युवाओं और आम निवेशकों को स्टॉक मार्केट, क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स मार्केट की आसान, व्यवस्थित और व्यावहारिक शिक्षा दे रहा है। इस मौके पर सुरेश बेरी ने कहा कि आज के समय में वित्तीय समझ बहुत जरूरी हो गई है और ट्रेडिंग गुरुकुल जैसे संस्थान समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

# दिल्ली रोड पर लीकेज लाइन से बना गड्ढा हादसे को दे रहा न्योता, जताया रोष

**कई दिन से पड़ा मलबा आवागमन कर रहा प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली रोड पर कई दिनों से पेयजल लाइन लीकेज होने के कारण बना गड्ढा हादसों को न्यौता दे रहा है। दुकानदारों का कहना है कि दिल्ली रोड पर दिन रात चार व दो पहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों का आवागमन लगा रहता है।

गड्ढे के कारण कभी भी अनहोनी घटना घटित हो सकती है। इसको लेकर स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों ने नगर निगम प्रबंधन व प्रशासन के खिलाफ रोष जताकर जल्द समस्या का समाधान करवाने की मांग की। मोहनलाल, तेजस, कृष्ण, राजपाल, मंजीत, बलवंत, सुभाष, विक्की, साहिल, नरेश, संदीप बत्रा ने बताया कि दिल्ली रोड पर पिछले कई दिनों से डॉक्टर डुडेजा के सामने वाले पार्क की दीवार के साथ रोजाना जेसीबी से कचरे का उठान होने के कारण नीचे की पेयजल लाइन लीकेज हो गई है। ऐसे में सड़क के बीच में गड्ढे व जलभराव होने के कारण लोगों को कीचड़ के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। यहां हर समय लोगों के फिसलने का भय भी बना रहता है। दुकानदारों ने बताया कि उक्त सड़क से प्रतिदिन अधिकारी व स्थानीय नेताओं का आवागमन होता है, लेकिन इसके बावजूद किसी का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इसके अलावा कुछ दूरी पर हेम नगर की ओर जा रही सड़क पर काफी दिनों से निर्माण कार्य का मलबा पड़ा होने के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।



सोनीपत। पेयजल लाइन लीकेज होने से बना गड्ढा दिखाते संदीप व दुकानदार।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस भवन में श्रद्धा से मनाई नेताजी की जयंती



**सोनीपत।** आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर स्थानीय सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने की। जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, तपस्या और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे से युवाओं में जोश भरा और आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी।

### बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया




**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति स्कूल थाना कलां में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य रामबीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को भारत माता के वीर सपूत, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारे के प्रणेता और स्वाधीनता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र के लिए किए गए महान कार्यों एवं उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व देश के लिए कुर्बान कर दिया। ऐसे महापुरुषों का देश सदा स्मरण करता रहेगा।

### टेनिस में अंजलि दलाल ने जीता स्वर्ण पदक



**गोहाना।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस प्रतियोगिता में गांव मदीना स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी अंजलि दलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक कब्जा लिया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को अकादमी में अंजलि दलाल को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता अकादमी के संचालक पहलवान अजमेर मलिक ने की। एमडीयू रोहतक में 17 से 22 जनवरी तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ऑल इंडिया से 16 टीमों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। खिलाड़ी अंजलि दलाल ने इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय और फाइनल मुकाबले में पंजाब विश्वविद्यालय की खिलाड़ी को क्रमशः 6-4, 6-4 अंक से पराजित किया।

### महामंडलेश्वर अंजनी देवा को सौंपा राष्ट्रीय दायित्व



**सोनीपत।** श्री हिंदू तख्त की ओर से राष्ट्रीय प्रचारक एवं धर्मगुरु के रूप में सोनीपत की 1008 महामंडलेश्वर अंजनी देवा नंदगिरी महाराज को प्रचारक के पद पर राष्ट्रीय दायित्व प्रदान किया। तख्त के अध्यक्ष महंत प्रवीन कुमार ने साधु संतों व धर्माचारों के मार्गदर्शन में अंजनी देवा को यह जिम्मेदारी प्रदान की। प्रवीन कुमार ने बताया कि महामंडलेश्वर अंजनी देवा नंदगिरी महाराज सनातन धर्म हिंदू समाज की एकता व राष्ट्र धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए लंबे समय समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उनके अनुभव, तपस्या व नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। इससे संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलेगी। महामंडलेश्वर अंजनी देवा महाराज ने कार्यभार ग्रहण करते हुए बताया कि वह श्री हिंदू तख्त के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र धर्म, सनातन संस्कृति व हिंदू समाज के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगी।

### शिक्षाविद् धर्मप्रकाश आर्य की पुण्यतिथि पर किया हवन



**खरखौदा।** प्रताप विद्यालय में महान शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी चिंतक धर्मप्रकाश आर्य की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा, सम्मान एवं वैदिक परंपरानुसार हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। हवन का संचालन सोमबीर आर्य द्वारा किया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रों के माध्यम से वातावरण को शुद्ध किया तथा यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने महान शिक्षाविद् धर्मप्रकाश आर्य के जीवन और कृतित्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मप्रकाश आर्य ने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर उसे संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों से जोड़ा। उनका संपूर्ण जीवन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहा।

---

### 12 लाख की लागत से होगा गली का निर्माण: रजनी



गोहाना। गली का शिलान्यास करते हुए नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने शुक्रवार को वार्ड 16 की चोपड़ा में गली का शिलान्यास किया। गली निर्माण पर 12 लाख रुपये खर्च होंगे। पानी की निकासी के लिए गली के दोनों तरफ भूमिगत पाइप भी दबाए जाएंगे। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि शहर के हर वार्ड में आवश्यकता अनुसार समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। नप की प्राथमिकता लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चोपड़ा कालोनी में गली का शिलान्यास किया गया। रजनी विरमानी ने कहा कि क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए गली के दोनों तरफ भूमिगत पाइप भी दबाए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# नेताजी देश की आजादी के महानायक थे: पुनीत राई



राई। भाजपा नेता एवं नगर निगम पार्षद पुनीत राई नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए।

**राई।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में जाट जोशी गांव में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने नेताजी की प्रतिमा पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संबोधित करते हुए पुनीत राई ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश की आजादी के महानायक थे। उनका नारा "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" आज भी देशवासियों में जोश और देशभक्ति की भावना का संचार करता है।

# नेहा ने दौड़ाई सबसे तेज साइकिल

**कथूरा खंड की महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव आहुलाना स्थित खेल स्टेडियम में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में खंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों की महिलाओं ने अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। मार्गदर्शन डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला देवी का रहा। मुख्य अतिथि पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक और गांव आहुलाना के सरपंच कुलदीप रहे। खंड स्तरीय खेलों में साइकिल दौड़ में गांव आहुलाना से नेहा पुत्री कप्तान ने प्रथम, गांव बनवासा की शालू पुत्री रोहताश ने द्वितीय और गांव धनाना की पूजा पुत्री रामकरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में गांव छपरा से दीक्षा पुत्री विजय, गांव आहुलाना की खुशी पुत्री राजकुमार और गांव भावड़ की अंजू पुत्री जगत सिंह, 300 मीटर दौड़ में गांव भावड़ से विनती पत्नी रमेश, अंशु पत्नी अनिल और निधि पत्नी अनिल, 100 मीटर दौड़ में गांव भैंसवान से पूनम पत्नी सुनील, गांव निजामपुर से नीलम पत्नी समुंद्र और गांव आहुलाना से अनु पत्नी सुरेंद्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।



गोहाना। अतिथियों को स्मृति चिहन भेंट करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर सुमन।

---

पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के छात्र खेलों में प्रदर्शित करेंगे प्रतिभा

# राजीव गांधी स्टेडियम में 29 को मनायाएंगे स्पोर्ट्स डे

**खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटा समग्र शिक्षा विभाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिक्षा विभाग का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। इसी के तहत विभाग पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 29 जनवरी को स्पोर्ट्स डे मनाया। विद्यालय स्तर के बाद अब जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। परियोजना के तहत विद्यार्थियों के लिए सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में विभिन्न 8 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभाग की ओर से जिले में 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, केवल इन्हीं विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



सोनीपत। सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम।

### विद्यार्थी खेलों के माध्यम से बना सकेंगे अपनी पहचान

जिला सहायक परियोजना संयोजक अमित भनवाला ने बताया कि वर्तमान में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी राज्यस्तर व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ विभाग ने पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित खिलाड़ी अब जिलास्तर पर भाग लेंगे। इसके बाद विजेताओं का राज्यस्तर के लिए चयन किया जाएगा। हालांकि राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए फिलहाल तिथि निर्धारित नहीं की गई है।

### छात्रों को खेलों में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। सोनीपत के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का परचम लहराया है। 29 जनवरी को मनाए जाने वाले स्पोर्ट्स डे में सभी पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को उजागर करेंगे। इससे खेलों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा उजागर करने का अवसर प्राप्त होगा।

-कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत